प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राजस्थान उच्च न्यायालय के नव नियुक्त सात न्यायाधीशों ने आज शपथ ग्रहण की। मुख्य न्यायाधीश के.आर. श्रीराम ने जोधपुर मुख्य पीठ में आयोजित समारोह में उन्हें शपथ दिलाई। इन नवनियुक्त न्यायाधीशों में जस्टिस संदीप तनेजा, बलजिंदर सिंह संधू, बिपिन गुप्ता, संजीत पुरोहित, रवि चिरानिया, अनुरूप सिंघी और संगीता शर्मा शामिल हैं। अब हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढकर 43 हो गई है। सात नए न्यायाधीशों में से 6 अधिवक्ता कोटे से और एक न्यायिक अधिकारी कोटे से जज बने है।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जोधपुर प्रवास पर है। उन्होंने एमबीएम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत की। राज्यपाल दोपहर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण आयुर्वेद विश्वविद्यालय जायेंगे। वे वहां वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी राज्यपाल के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

0000

राष्ट्र आज स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और चन्द्रशेखर आजाद को उनकी जयंती पर नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकमान्य तिलक की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि "लोकमान्य तिलक एक अग्रणी नेता थे जिन्होंने अटूट विश्वास के साथ देश के स्वतंत्रता आंदोलन की भावना को प्रज्वलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मोदी ने चंद्रशेखर आज़ाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका युवाओं को साहस और दृढ़ विश्वास के साथ न्याय के पक्ष में खड़े होने के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी दोनो स्वतंत्रता सेनानियों को उनकी जयंती पर नमन किया है।

0000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज रामेश्वरम–मदुरई के लिए जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन रवाना होगी। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस ट्रेन में भरतपुर और जयपुर जिले के कुल 776 वरिष्ठजन यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि सवाईमाधोपुर होकर जाने वाली इस ट्रेन में जयपुर से 550 तथा भरतपुर जिले से 226 यात्री जाएंगे। भरतपुर जिले के यात्री सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन से सवार होंगे। इससे पहले श्री कुमावत श्रद्धालुओं से मुलाकात करेंगे।

0000

अलवर के बिचगांव क्षेत्र में लक्ष्मणगढ़–मुंडावर रोड पर आज सुबह एक हादसे में दो कांवड़ियों की मृत्यु हो गई, जबकि 30 श्रद्धालु गंभीर रूप से झुलस गए। घटना में झुलसे 6 लोगों को गंभीर हालत में अलवर रेफर किया गया है, जिनमें से तीन की हालत नाजुक है। ये सभी एक ट्रक में सवार थे जो हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। सभी कांवड़िये एक ही गांव के रहने वाले थे। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने और घायलों के समुचित ईलाज की मांग पर लक्ष्मणगढ़–मुंडावर रोड जाम कर दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने वहां पंहुचकर ग्रामीणों को समझाया।

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में पूर्वी इलाकों में कई स्थानों पर बारिश दर्ज की गयी। कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश भी हुई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई। सबसे अधिक 14 सेंटीमीटर बरसात झुंझुनूं के पिलानी में रिकॉर्ड हुई। अलवर के बहादुरपुर में 11, झुंझुनूं के चिडावा में 9, सवाईमाधोपुर के खंडार, चित्तौडगढ के निम्बाहेडा और डीग में 6–6 सेंटीमीटर पानी बरसा। मौसम विभाग ने आज जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में गरज के साथ मध्यम से तेज बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। उदयपुर, अजमेर तथा बीकानेर संभाग के कुछ क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम बरसात हो

सकती है। बारिश की गतिविधियां राज्य के कुछ भागों में कल और परसों जारी रहने की संभावना है।26 जुलाई से 30 जुलाई के दौरान पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियां बढने के आसार है।

0000

जयपुर में आगामी 27 और 28 जुलाई को होने वाले तीज उत्सव की तैयारियां जोरो पर है। तीज माता की शोभायात्रा को लेकर शहर में विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही है। शोभायात्रा में इस बार लगभग 200 लोक–कलाकार अपनी कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही पॉण्ड्रीक पार्क में तीज मेले का आयोजन किया जाएगा।

00000